Global Alliance For Mass Entrepreneurship

25+ YEARS 1995-2020 FISME FEDERATION OF INDIAN MICRO AND SMALL & MEDIUM ENTERPRISES

ग्लोबल अलायन्स फॉर मास एंटरेप्रेन्योरशिप और फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एण्ड स्मॉल एण्ड मीडियम एंटरप्राइेज़ (एफआईएसएमई) ने भारत के एमएसएमई को सहयोग प्रदान करने के लिए की साझेदारी

नेशनल, 6 नवम्बर, 2023: ग्लोबल अलायन्स फॉर मास एंटरेप्रेन्योरशिप (जीएएमई)और फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एण्ड स्मॉल एण्ड मीडियम एंटरप्राइेज़ (एफआईएसएमई) ने देश के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की प्रगति एवं कल्याण को सुनिश्चित करने हेतू विभिन्न प्रोग्रामों, हस्तक्षेपों के लिए एक दूसरे के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत भुगतान में देरी, कारोबार की सुगमता, विशेष संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं तथा शिकायत एवं समस्या निवारण अडवाइज़री पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री केतुल आचार्य, कार्यकारी निदेशक, ग्लोबल अलायन्स फॉर मास एंटरेप्रेन्योरशिप ने कहा, *''एफआईएसएमई देश के लघु एवं मध्यम उद्यमों का प्रतिनिधित्व करने वाली मुख्य संस्था है, जो उनके विकास एवं सफलता के लिए अनुकूल माहौल का निर्माण करती है। इस संगठनने ऐसी कई गतिविधियों और पहलों को अंजाम दिया है, जो एमएमएसई के लिए कारगर साबित हुए हैं। एमएसएमई के विकास में आनी वाली रूकावटों को दूर करने के लिए* ग्लोबल अलायन्स फॉर मास एंटरेप्रेन्योरशिप (जीएएमई)और फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एण्ड स्मॉल एण्ड मीडियम एंटरप्राइेज़ (एफआईएसएमई) ने हाथ मिलाया है। एफआईएसएमई के साथ काम करने के लिए हम बेहद उत्सुक हैं।''

श्री अनिल भारद्वाज, महासचिव, फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एण्ड स्मॉल एण्ड मीडियम एंटरप्राइज़ेज़ ने कहा, *''पांच दशकों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के साथ काम करने के बाद अब ग्लोबल अलायन्स फॉर मास एंटरेप्रेन्योरशिप के साथ हमारी साझेदारी देश भर के एमएसएमई के लिए सशक्त आधार बनाएगी। उनके लिए फाइनैंस को सुलभ बनाना हो, भुगतान में देरी की समस्या को हल करना हो, विनियमों और अनुपालन की बात हो या देश के एमएसएमई को नवीकरणीय उर्जा उपलब्ध कराने का मुद्दा, इस साझेदारी के माध्यम से हम इन सभी समस्याओं को हल करने के लिए प्रयासरत हैं।''*

रिपोर्ट्स के प्रकाशन से लेकर अनुसंधान अध्ययन, नीतिगत दस्तावेजों के निर्माण तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों के विस्तार के लिए प्रोग्रामों के आयोजन तक– यह साझेदारी फाइनैंस को सुलभ बनाने, मौजूदा कारोबारों का पैमाना बढ़ाने, तथा स्थानीय एवं राष्ट्रीय हितधारकों को एक ही मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।''

अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें ग्लोबल अलायन्स फॉर मास एंटरेप्रेन्योरशिप या संपर्क करें